# न्यायालय
# सहायक कलक्टर / उपखण्ड अधिकारी
## गुढामालानी—बाड़मेर

(पीठासीन अधिकारी —केशव कुमार मीना आर.ए.एस.)

प्रार्थना पत्र सं.:—2024 / 469 दर्ज तिथिः—21.10.2024

1. रूपाराम पुत्र नरीगाराम
2. किशनाराम पुत्र नरीगाराम
3. ठाकरराम पुत्र नरीगाराम
4. रामाराम पुत्र नरीगाराम
5. भैराराम पुत्र बंशाराम
6. रूपाराम पुत्र बंशाराम
7. भाखरराम पुत्र घमण्डाराम
8. अणदू पत्नी खंगाराराम
9. मनोहरी पुत्री खंगाराराम
10. देउ पुत्री खंगाराराम
11. विशनाराम पुत्र हरींगाराम

जाति विश्नोई निवासी खीचड़ों का वास तहसील नोखड़ा जिला बाडमेर।

........................प्रार्थीगण

**बनाम**

1. पेमाराम पुत्र सुरजनराम
2. रामलाल पुत्र बुधराम
3. जगमाल पुत्र चौथाराम
4. सदराम पुत्र तेजाराम
5. तेजा पुत्र जोधाराम जातियान विश्नोई
6. वालाराम पुत्र सुरजाराम
7. खंगाराम पुत्र हिमताराम जातियान मेघवाल
8. हनुमान पुत्र सदराम
9. रिड़मलराम पुत्र लुम्बाराम
10. प्रतापाराम पुत्र सोनाराम
11. अमलुराम पुत्र खियाराम
12. पुरखाराम पुत्र सोनाराम
13. अचलाराम पुत्र मोबताराम

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2025.04.02 20:12:37 IST
Reason: SelfAttested

14. गोमदाराम पुत्र सोनाराम
15. आसुराम पुत्र उदाराम
16. गिरधारीराम पुत्र उदाराम
17. मोटाराम पुत्र धर्माराम
18. बाबूलाल पुत्र धर्माराम
19. भागीरथराम पुत्र धर्माराम
20. कालूराम पुत्र धर्माराम
21. भैराराम पुत्र भाखराराम
22. रूपाराम पुत्र भाखराराम
23. किसनराम पुत्र भाखराराम
24. लाधुराम पुत्र खियाराम
25. फगलूराम पुत्र रणजीताराम
26. कमलेश पुत्र सदराम
27. भीयाराम पुत्र मंगलाराम
28. हीराराम पुत्र रणुराम
29. छोगाराम पुत्र उदाराम
30. विरधाराम पुत्र उदाराम
31. बंशाराम पुत्र दौलाराम
32. आसुराम पुत्र वरीगाराम
33. लाधुराम पुत्र मिठुराम
34. श्रीराम पुत्र हुकमाराम
35. हेमाराम पुत्र ठाकराराम
36. भजनलाल पुत्र फुसाराम
37. मनोज कुमार पुत्र फुसाराम
38. श्रवण कुमार पुत्र फुसाराम

जाति विश्नोई निवासी खिचड़ो का वास, बाण्ड तहसील नोखड़ा जिला बाड़मेर

....................असल अप्रार्थीगण

उपस्थित अधिवक्ता
प्रार्थीः—श्री बाबुलाल विश्नोई
अप्रार्थीगणः—एकतरफा

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा—128
राजस्थान भू—राजस्व अधि—1956

**—:निर्णयः—**

निर्णय तिथिः—07.03.2025

1. आज यह पत्रावली प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा—128 राजस्थान भू—राजस्व अधि—1956 वास्ते निर्णय हेतु पेश हुई। प्रकरण का सुक्ष्म वृतान्त इस प्रकार से है कि प्रार्थीगण द्वारा प्रार्थना पत्र

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2025.04.02 20:12:37 IST
Reason: SelfAttested

पेश कर निवेदन किया कि प्रार्थीगण की हाल आराजी खसरा संख्या 669 / 1.6511 है0, 682 / 32.8766 है0, 696 / 0.1700 है0, 697 / 16.1955 है0, 713 / 2.2581 है0, 723 / 28.5222 है0, 791 / 1.8777 है0, 669 / 1 / 12.7233 है0 मौजा खिचड़ो का वास पटवार मण्डल बाण्ड तहसील नोखड़ा जिला बाड़मेर में स्थित है। उक्त वर्णित आराजी प्रार्थीगण की कब्जेकाश्त खातेदारी की आराजी है एवं आराजी पर प्रार्थीगण काबिज रहकर बिना किसी बाधा वो रूकावट के काश्त करते चले आ रहे है। उक्त खातेदारी आराजी से अप्रार्थीगण का कोई हक संबंध किसी प्रकार का नहीं है। अप्रार्थीगण प्रार्थीगण की आराजी के कार्यकाश्त में बाधा डालते हैं। उक्त आराजी का मौके पर सीमांकन नहीं होने से प्रार्थीगण द्वारा सीमांकन कराए जाने बाबत तहसीलदार गुडामालानी के यहां प्रार्थना—पत्र पेश किया जिस पर तहसीलदार गुडामालानी के आदेशांक दिनांक 20.06.2024 की पालना में दिनांक 20.06.2024 को पटवारी हल्का बाण्ड द्वारा उक्त आराजी का सीमांकन करवाया गया। परन्तु अप्रार्थीगण मौके पर असंतुष्ट होकर पैमाईश को नहीं मान रहे है तथा प्रार्थीगण की आराजी को अपनी आराजी में मिलाना चाहते है। अब प्रार्थीगण अपनी खातेदारी आराजी खसरा संख्या 669 / 1.6511 है0, 682 / 32.8766 है0, 696 / 0.1700 है0, 697 / 16.1955 है0, 713 / 2.2581 है0, 723 / 28.5222 है0, 791 / 1.8777 है0, 669 / 1 / 12.7233 है0 मौजा खिचड़ो का वास पटवार मण्डल बाण्ड तहसील नोखड़ा की पत्थरगढ़ी दिनांक 20.06.2024 की सीमाज्ञान रिपोर्ट के अनुसार कराना चाहते है। अंत में प्रार्थना—पत्र प्रार्थीगण स्वीकार कर आराजी उक्त की पत्थरगढ़ी मुताबिक पैमाइश के अनुसार कराए जाने के आदेश जारी करने का निवेदन किया गया।

2. प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया गया एवं अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। बावजूद विधिवत तामील अप्रार्थीगण के अनुपस्थित होने के कारण अप्रार्थीगण के विरूद्ध एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई गयी।

3. न्यायालय द्वारा विद्वान अधिवक्ता प्रार्थी की बहस सुनी गई। दौराने बहस प्रार्थी अधिवक्ता द्वारा प्रार्थना—पत्र में अंकित तथ्यों को दोहराते हुए प्रार्थना—पत्र प्रार्थीगण स्वीकार कर आराजी की मुताबिक पैमाइश दिनांक दिनांक 20.06.2024 के अनुसार पत्थरगढ़ी के आदेश जारी करने का निवेदन किया है।

4. मैंने बहस प्रार्थी अधिवक्ता पर मनन किया। प्रकरण में सर्वप्रथम राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम—1956 की धारा—111 का उद्धरण यहां प्रासंगिक है। जो कि इस प्रकार हैः—

> ***111. Decision of disputes as to boundaries***.—*(1) In case of any dispute concerning any boundaries the Land Records Officer shall decide such dispute, so far as possible, on the basis of the existing survey maps and, where this is not possible or such maps are not available, on the basis of actual possession.*
>
> *(2) If, in the course of an inquiry into a dispute under this section the Land Records Officer is unable to satisfy himself as to which party is in the possession or it if is shown that possession has been obtained by wrongful dispossession of the lawful occupants within*

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2025.04.02 20:12:37 IST
Reason: SelfAttested

*a period of three months previous to the commencement of the inquiry, the Land Records Officer shall ascertain by summary inquiry who is the party best entitled to possession and shall then fix the boundary accordingly.*

5. राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम—1956 की धारा—111 के अनुसार खसरों की सीमाओं के विवाद को हाल राजस्व नक्शे के अनुसार तथा हाल राजस्व नक्शे के उपलब्ध न होने पर वास्तविक कब्जे के आधार पर निस्तारित किये जाने के प्रावधान बनाये गये है। खसरों की सीमाओं के विवाद को निस्तारित करने की प्रक्रिया के सम्बन्ध में राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम—1956 की धारा—128 के तहत प्रावधान बनाये गये है। अतः प्रकरण में साथ ही राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम—1956 की धारा—128 का उद्धरण यहां प्रासंगिक है। जो कि इस प्रकार हैः—

***128. Boundary disputes.*** *- All disputes concerning boundaries shall be decided by the Land Record Officer in the manner laid down in section 111:*

***Provided that*** *applications in relation to boundaries of fields may be made to and disposed of by the Tehsildar in cases where there exists no dispute as to such boundaries but on account of the absence of proper boundary marks there is the likelihood of such a dispute arising.*

6. उक्त विधिक प्रावधानों के संदर्भ में पत्रावली पर संलग्न दस्तावेजात् जमाबंदी संवत् 2075—2078 ग्राम खिचड़ों का वास में राजस्व इन्द्राज एवं तहसीलदार नोखड़ा द्वारा किये गये सीमांकन रिपोर्ट का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया। बाद अवलोकन पाया गया कि पत्रावली पर उपलब्ध राजस्व रिकॉर्ड वाकेग्राम आलपुरा के अंकित इन्द्राज के अनुसार उक्त आराजी प्रार्थीगण की सालिम खातेदारी की आराजी होना साबित है। साथ ही संलग्न रिपोर्ट पैमाइश दिनांक दिनांक 20.06.2024 से भी यह तथ्य प्रार्थीगण साबित है कि प्रार्थीगण द्वारा तहसीलदार गुडामालानी के माध्यम से हल्का पटवारी से युक्त वर्णित आराजी की पैमाइश कराई जा चुकी है। सीमाज्ञान रिपोर्ट में पटवारी हल्का द्वारा मौके पर आराजी खसरा को मुस्तकिल बिन्दु मानकर सीमाज्ञान किया। मौके पर प्रार्थीगण को सीमाचिह्न बताकर प्रार्थीगण को संतुष्ट किया गया है। तहसीलदार रिपोर्ट के अनुसार उक्त वर्णित आराजी की खसरे की सीमाओं को लेकर अप्रार्थीगण के साथ सीमा विवाद है। इस प्रकार प्रार्थीगण की अपनी कब्जेशुदा खातेदारी आराजी की सुरक्षा तथा सीमा विवाद के निस्तारण हेतु पत्थरगढ़ी के प्रार्थना पत्र को स्वीकार किया जाकर आदेश जारी किया जाना उचित प्रतीत होता है। अतः

आदेश है कि

**प्रार्थना—पत्र प्रार्थीगण अंतर्गत धारा—128 भू—राजस्व अधिनियम—1956 के बाबत् पत्थरगढ़ी किये जाने का स्वीकार किया जाता है। हाल आराजी खसरा संख्या 669 / 1.6511 है0, 682 / 32.8766 है0, 696 / 0.1700 है0, 697 / 16.1955 है0, 713 / 2.2581 है0, 723 / 28.5222 है0, 791 / 1.8777 है0, 669 / 1 / 12.7233 है0 मौजा खिचड़ो का वास पटवार मण्डल बाण्डल तहसील नोखड़ा जिला**

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2025.04.02 20:12:37 IST
Reason: SelfAttested

**बाड़मेर पर प्रार्थीगण एवं संबंधित पक्षकारों / हितधारकों की पूर्व सूचित उपस्थिति में खातेदारी आराजी पर पत्थरगढ़ी किये जाने के आदेश तहसीलदार नोखड़ा को दिये जाते हैं एवं साथ ही निर्देश दिये जाते हैं कि अप्रार्थीगण को मौके पर उपस्थित रहने बाबत जरिये नोटिस पूर्वसूचित करते हुए पत्थरगढ़ी की जाकर पालना रिपोर्ट न्यायालय को अवगत करायें। पक्षकार अपना—अपना खर्चा स्वयं वहन करेंगे।**

आदेश प्रतिपालनार्थ हेतु तहसीलदार नोखड़ा को भिजवाई जावें। अहकाम पृथक से जारी किया जावे।

यह आदेश मेरे द्वारा आज दिनांक 17.03.2025 को लिखवाया जाकर सरे—इजलास सुनाया जाकर हस्ताक्षर व मोहर युक्त जारी किया गया।

(केशव कुमार मीना आर.ए.एस.)
उपखण्ड अधिकारी
गुढामालानी (बाड़मेर)

न्यायालय सहायक कलक्टर / उपखंड अधिकारी
सत्यमेव जयते
गुढ़ामालानी

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2025.04.02 20:12:37 IST
Reason: SelfAttested